**राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,** (एस.डब्ल्यू.एस.एम.),उ0प्र0
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन

हर घर जल
जल जीवन मिशन

पत्रांकः 2861 JJM 2.0/Capacity Building / 2026-27 प्रशि-1 दिनांकः 16 सितम्बर, 2026

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से "जल जीवन मिशन" 2.0 की मार्ग–निर्देशिका के अनुसार PRI Member, VWSC Member, Sujlam Shakti आदि समूहों को आच्छादित कर प्रशिक्षित किये जाने हेतु नोडल संस्थान नामित किया जाना है। इस हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार के अधीन सरकारी संस्थानों से Capacity Building & Training Program के संचालन के लिए अनुभवी एवं योग्य Training Institutes अपनी संस्था की प्रोफाइल, सम्बन्धित कार्य का अनुभव, तकनीकी क्षमता, प्रशिक्षकों की उपलब्धता एवं प्रस्तावित कार्य योजना से सम्बन्धित प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। मिशन कार्यालय से निर्धारित तिथि में इच्छुक संस्थानों को प्रस्तुतीकरण किये जाने हेतु आमंत्रित किया जायेगा, जिसके उपरान्त अर्ह पायी गयी संस्थान को नोडल संस्थान के रूप में चयन की कार्यवाही सक्षम स्तर से की जायेगी।

"जल जीवन मिशन" 2.0 की Capacity Building & Training की मार्ग–निर्देशिका मिशन की वेबसाइट **www.swsm.up.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। **उल्लेखनीय है कि भारत सरकार/राज्य सरकार के अधीन सरकारी संस्थान के अतिरिक्त किसी अन्य संस्थान या संगठन से प्राप्त प्रस्ताव पर किसी भी प्रकार विचार नहीं किया जायेगा।**

इस सम्बन्ध में प्रस्ताव मिशन की वेबसाइट **www.swsm.up.gov.in** पर दिनांक 02.10.2026 (दिन शुक्रवार) की सायं 5:00 बजे तक अपलोड करते हुए, अपलोड किये गये प्रस्ताव की एक प्रति (हार्डकॉपी) कार्यालय के पते पर अन्तिम तिथि तक उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

प्रस्ताव प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 02.10.2026 की सायं 5:00 बजे तक है। निर्धारित समय के उपरान्त प्राप्त प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।

- **कार्यालय का पता एवं दूरभाष नं0– राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 दूरभाषः (0522) 2239426**
- **कार्यालय का ई–मेलः ed.swsmup@rediffmail.com**
- **आवेदन हेतु वेबसाइट : www.swsm.up.gov.in**

**अधिशासी निदेशक**